प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- नई दिल्ली में हुई एनडीए की बैठक में नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से चुना गया नेता।
- बैठक में जदयू, टीडीपी, लोजपा समेत दस से ज्यादा पार्टियों के नेता हुए शामिल, आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो भी रहे मौजूद।
- दिल्ली में इंडी गठबंधन की भी बैठक जारी, चुनाव नतीजों के बाद आगे की रणनीति पर विचार, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन भी हैं बैठक में मौजूद।
- राजधानी रांची समेत राज्य भर में कल बारिश का अनुमान, मौसम विभाग के अनुसार 10 जून तक अलग–अलग हिस्सों में गरज के साथ पड़ सकते हैं छींटे।

***************

एनडीए नेताओं की आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर बैठक हुई। यह बैठक लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद केंद्र में नई सरकार बनाने के लिए भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने के लिए थी। बैठक के दौरान घटक दलों ने नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुना। बैठक में तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख, चिराग पासवान और आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो समेत दस से ज्यादा पार्टियों के नता शामिल हुए।

***************

इधर, आईएनडीआईए गठबंधन की भी दिल्ली में बैठक जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हो रही बैठक में चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जा रहा है। बैठक में राहुल गांधी के अलावा राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और झामुमो की ओर से झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन समेत अन्य सहयोगी दलों के नेता मौजूद हैं।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया और प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से नई सरकार बनने तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया।

***************

राष्ट्रापति द्रौपदी मुर्मु ने 17वीं लोकसभा भंग कर दी है। इससे पहले आज केन्द्री य मंत्रिमण्डरल ने दोपहर बाद हुई अपनी बैठक में राष्ट्रापति को 17वीं लोकसभा तुरंत प्रभाव से भंग करने की सलाह दी थी।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज रात 8 बजे राष्ट्रपति भवन में निवर्तमान कैबिनेट मंत्रियों के लिए विदाई रात्रिभोज का आयोजन करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मंत्रिपरिषद सहित राष्ट्रपति मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

***************

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने आज रांची में खूंटी से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा और लोहरदगा से निर्वाचित सुखदेव भगत को संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस और सहयोगी दलों को देशवासियों ने अपार समर्थन दिया है। इधर, लोकसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने पर आज रांची में भाजपा की ओर से विजय जुलूस निकाला।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले के आरोपी मोहमद अफसर अली की जमानत याचिका पर आज पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत सुनवाई हुई। अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अब पीएमएलए कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 22 जून को होगी। अफसर अली की ओर से 14 मई को जमानत की गुहार अदालत से लगाई गई थी।

***************

सिमडेगा जिले में बढ़ती नशाखोरी पर अंकुश लागाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

***************

पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के तृतीय जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शंकर कुमार महराज की अदालत ने हत्या के चार आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपियों पर साढ़े सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नही देने पर दो महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

***************

राजधानी रांची में पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाली तीन बांग्लादेशी लड़कियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीनों बांग्लादेश के चटग्राम की रहने वाली हैं। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड, तीन मोबाइल और एक आईफोन बरामद हुआ है। सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने आज संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तीनों ने रात के अंधेरे में तार काट कर बार्डर क्रॉस किया था।

***************

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी की अनुशंसा पर रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह को सस्पेंड कर दिया जबकि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चुटिया थानेदार के बॉडीगार्ड और अरगोड़ा थाना के पेट्रोलिंग वाहन के एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया है।

***************

रामगढ़ जिले में पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा जब्त किया है। इस सिलसिले में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डा. विमल कुमार ने बताया कि जब्त डोडे की अनुमानित कीमत लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये है।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित बुद्धा जंयती पार्क में पौधारोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में करोड़ों पेड लगाने के लिए अनूठा जन आन्दोलन बनाना है। उनके साथ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित बुद्धा जंयती पार्क में पौधारोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में करोड़ों पेड लगाने के लिए अनूठा जन आन्दोलन बनाना है। उनके साथ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

***************

सरायकेला—खरसावां में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम चौधरी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कवितांजलि टोप्पो, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तौसीफ मेराज उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए संदेश दिया गया। उधर, पलामू जिले में भी सिविल कोर्ट परिसर में  प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

***************

इधर आकाशवाणी रांची परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिदेशक अभियंत्रण एपी सिंह समेत अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने आकाशवाणी परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

***************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में कल बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार कल से दस जून तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में गरज के साथ छीटें पड़ सकते हैं। बारिश होने से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

*******समाप्त*******